प्रेस नोट दिनांक 10.04.2025
थाना नवाबगंज जनपद बरेली।

थाना नवाबगंज #bareillypolice द्वारा अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक अभियुक्त को कुल 05 तमंचे (जिसमें 03 तमंचे 315 बोर, 02 तमंचा 32 बोर एवं तमंचा बनाने के उपकरण) सहित किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मिलिट्री इंटेलिजेंस बरेली यूनिट की सूचना पर थाना नवाबगंज पुलिस, SOG तथा सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रात्रि दिनांक 09.04.2025 को ग्राम बालपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर से पूर्व की तरफ जंगल की ओर जाने वाले रास्ते से गेहूं के खेत के पास मेढ़ पर खड़े पेड़ों के नीचे बैठकर अवैध असलहा बनाते हुए एक अभियुक्त भीमसेन उर्फ बबलू पुत्र उमा चरण निवासी ग्राम बालपुर थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र 45 वर्ष को कुल 05 तमंचे जिसमें 03 तमंचे 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस व दो तमंचे 32 बोर मय दो खोखा कारतूस व अन्य तमंचा बनाने के उपकरण के साथ समय करीब 21.10 बजे गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पर विधिक कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 205/25 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अपनी आजीविका चलाने के लिए खेती का काम करता है लेकिन अतिरिक्त पैसो के लिए समय मिलने पर अवैध तमंचे बनाने व बेचने का काम करता है। इसके द्वारा बताया गया कि तमंचा बनाने का काम उसने गांव के ही पप्पू पुत्र इंदर से सिखा था, जिसकी अब मृत्यु हो चुकी है। तमंचा बनाने के लिए यह कबाडे से स्टेयरिंग रॉड व इंजन का मोबिऑयल पंप में लगी लोहे की रॉड का प्रयोग तमंचे की नाल बनाने में प्रयोग करता था तथा लोहे की चादर से तमंचे की बाड़ी बनाता था एवं कबाड से ही स्प्रिंग आदि अन्य आवश्यक वस्तुओं को खरीद लाता था। एक तमंचा लगभग तीन से पाँच हजार रुपये में बेचा करता था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. भीमसेन उर्फ बबलू पुत्र उमा चरण निवासी ग्राम बालपुर थाना नवाबगंज जिला बरेली उम्र 45 वर्ष।

बरामदगी-

- i. 03 तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर 02 तमन्चा 32 बोर व दो खोखा कारतूस
- ii. 05 नाल 315 बोर
- iii. एक आरी व 21 आरी ब्लेड , एक रेती , एक पंखा
- iv. 03 स्प्रिंग ,
- v. 10- लोहे की प्लेट बडी
- vi. 3 हथौड़ी , एक प्लास , पेच व कीले
- vii. दो ड्रिल मशीन
- viii. एक सुम्मा 315 बोर व एक सुम्मा 32 बोर
- ix. अन्य तमंचे बनाने के उपकरण

पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजकुमार गौतम थाना नवाबगंज बरेली।
2. उपनि0 योगेश कुमार थाना नवाबगंज बरेली।
3. हे0का0 909 चेतन सिंह थाना नवाबगंज बरेली।
4. का0 3346 दीपक यादव थाना नवाबगंज बरेली।